 Roll No. ....

MAHL-202

नाटक एवं कथेतर साहित्य

M.A. Hindi (MAHL-12/16/17)

Second Year Examination, 2019 (June)

Time : 3 Hours] **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्नपत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों क, ख तथा ग में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड-क

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×19=38)

1. हिन्दी नाटक के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

2. ध्रुवस्वामिनी नाटक में मानवतावादी भावना तथा युगबोध की सशक्त अभिव्यक्ति हुई है इस कथन के आधार पर ध्रुवस्वामिनी की समीक्षा कीजिए।

3. डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल के निबन्ध 'उत्तराखण्ड के सन्तमत और सन्तसाहित्य' का विवेचन कीजिए।

4. यात्रा साहित्य का तात्त्विक विवेचन करते हुए अपने पाठ्यक्रम में शामिल यात्रावृत्त का परिचय दीजिए।

खण्ड-ख

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×8=32)

1. रामचन्द्र शुक्ल के निबन्ध करुणा के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

2. आत्मकथा विधा की विशेषताएं बताइए।

3. पैरों के नीचे जलधर हो बिजली से उनका खेल चले।
संकीर्ण कगारों के नीचे शत-शत झरने बेमेल चले।।
ध्रुवस्वामिनी की इन पंक्तियों की सम्यक् व्याख्या कीजिए।

4. मुझे मानवजाति की दुर्दम.निर्मम धारा के हजारों वर्षों का रूप साफ दिखाई दे रहा है। मनुष्य की जीवनी शक्ति बड़ी निर्मम है, वह सभ्यता और संस्कृति के व्यथा मोहों को रौंदती चली आ रही है। इस कथन की व्याख्या कीजिए।

5. एकांकी विधा के तत्वों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

6. महादेवी वर्मा के संस्मरण 'पथ के साथी' की अन्तर्वस्तु का परिचय दीजिए।

7. रामविलास शर्मा के लेखन शैली पर प्रकाश डालिए।

8. अंधेरनगरी के पात्रों का परिचय दीजिए।

खण्ड-ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) तथ्यनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (10×1=10)

1. कवि वचन सुधा के सम्पादक कौन हैं?

2. कंकाल जयशंकर प्रसाद की प्रसिद्ध कहानी है। (सत्य/असत्य)

3. आधे-अधेरे आधुनिक जीवन समस्या पर केन्द्रित नाटक है। (सत्य/असत्य)

4. मनुष्यों ज्यों ही समाज में प्रवेश करता है, उसके सुख और दुःख का बहुत सा अंश दूसरे की क्रिया या अवस्था पर अवलम्बित हो जाता है, यह कथन किसका है?

5. महादेवी वर्मा का जन्मवर्ष बताइए।

6. निम्नलिखित में से रामकुमार वर्मा का एकांकी कौन सा नहीं है –

(अ) दीपदान।

(ब) मयूरपंख।

(स) ध्रुवतारिका।

(द) एक धूँट।

7. ध्रुवस्वामिनी का रचनाकाल .... है।

8. हिन्दी में गद्यात्मक साहित्य प्रमुखतः .... रूपों का मिलता है।

9. हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबन्ध .... है।
(सांस्कृतिक/मनोवैज्ञानिक/वैज्ञानिक)

10. एक बुलाएं चौदह आवें, निज–निज बिपदा रोय सुनावें।

भूखे मरें भरे नहिं पेट, क्यों सखि साजन, नहिं ग्रेजुएट।। यह किस रचनाकार की पंक्तियाँ हैं?